प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

संसद सत्र

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। ये चरण अगले महीने की दो तारीख तक चलेगा। लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। कांग्रेस के तीन सांसद मोहम्मद जावेद, के.सुरेश और मल्लु रवि ये प्रस्ताव रखेंगे। यदि आज लोकसभा में इस प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो अध्यक्ष ओम बिरला सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के साथ बैठेंगे।

प्रधानमंत्री वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ–सबका विकास, जन आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य और आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न सैक्टर पर देशभर में कई सत्र आयोजित होंगे। विचार विमर्श में शिक्षा से लेकर रोजगार के अवसर, एनिमेशन, विजुअल इफैक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, पर्वोत्तर क्षेत्र में बौद्ध सर्किट व विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी।

राज्यपाल

प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल कविन्दर गुप्ता आज शाम शिमला पहुंचेंगे। वे कल दस मार्च को लोकभवन में प्रदेश के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि राज्य के निवर्तमान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज लोकभवन शिमला से विदाई लेंगे। शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

स्वामित्व योजना

केन्द्र सरकार की स्वामित्व योजना ग्रमीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना का उद्देश्य आबादी वाली जमीन का कानूनी स्वामित्व प्रदान करना व भूमि विवादों को कम करना है। प्रदेश के शिमला जिले में इस योजना के तहत दो हजार 32 गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता...

——डिस्पैच–योगराज——

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के सहयोग से स्वामित्व योजना को ग्रामीण विकास और भूमि प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अपनाया है। स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन तकनीक का उपयोग

करके गांवों की आबादी भूमि का सटीक सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के आधार पर प्रत्येक घर और संपत्ति की सीमा निर्धारित की जाती है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद लोगों को उनकी संपत्ति के प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान किए जाते हैं। स्वामित्व योजना के तहत जिला शिमला में 2032 आबादीदेह गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि 158 गांवों का सर्वेक्षण शेष है। दूसरा, ग्रामीण लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है क्योंकि वह अपने प्रॉपर्टी कार्ड को बैंक में गिरवी रखकर ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, स्वामित्व योजना डिजिटल इंडिया और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे गांवों का सटीक डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होता है, जो भविष्य में ग्रामीण योजना निर्माण और विकास कार्यों में सहायक होता है।

मेरा युवा भारत–युवा संपर्क

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय आज दिल्ली में विकसित भारत युवा संपर्क कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करेगा। यह पहल मेरा युवा भारत के माध्यम से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने में युवाओं की सहभागिता मजबूत करना है। इस दौरान संवाद सत्र, संवाद और सहभागिता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप

भारत ने तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उसने लगातार दो बार टी–ट्वेंटी विश्व कप जीतने का भी गौरव हासिल किया है। एक रिपोर्ट.....

जाईका

कांगड़ा जिले के देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा है कि जाईका वानिकी परियोजना से जुड़ी महिलाएं आज सशक्तिकरण की मिसाल बन रही हैं। बीते कल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत प्रदेश में वन क्षेत्र पर आधारित आजीविका को सबल बनाने के लिए 8 सौ 80 महिला स्वयं सहायता समुहों के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को घर–द्वार पर रोज़गार उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाते हैं।